समाचार

बुधवारी बाजार पार्किंग के पास अवैध बाउण्ड्रीवाल को हटाया गया

कोरबा 06 दिसम्बर 2017 –बुधवारी साप्ताहिक बाजार स्थित पार्किंग क्षेत्र में अवैध निर्माण कर बनाए गए बाउण्ड्रीवाल को आज तोड़कर हटा दिया गया। निगम आयुक्त श्री रणबीर शर्मा के निर्देश पर तहसीलदार श्री टी.आर. भारद्वाज की अगुवाई में निगम के अतिक्रमण दस्ता प्रभारी श्री योगेश राठौर व पुखराज यादव सहित अतिक्रमण दस्ते में शामिल कर्मचारियों ने यह कार्यवाही की।

अतिक्रमण दस्ता प्रभारी श्री योगेश राठौर ने बताया कि बुधवारी साप्ताहिक बाजार में स्थित मुख्यमंत्री महिला समृद्धि बाजार योजना के अंतर्गत निर्मित दुकानों के समीप खाली मैदान पर वाहनों को खड़ा करने हेतु पार्किंग व्यवस्था निगम द्वारा कराई गई है, इस पार्किंग स्थल के समीप अवैध रूप से निर्माण कर बाउण्ड्रीवाल बना दिया गया था, आज निगम के अतिक्रमण दस्ते ने मौके पर पहुंचकर उक्त निर्मित बाउण्ड्रीवाल को तोड़कर हटा दिया।